09.03.2026

AMAR UJALA

महिलाओं को अधिकारों व साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली पुलिस ने विभिन्न कार्यक्रमों का किया आयोजन

नई दिल्ली (संवाद)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली पुलिस ने राजधानी के सभी जिलों में जागरूकता और सशक्तीकरण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के साथ-साथ उनके कानूनी अधिकारों और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि उत्तरी-पश्चिमी, बाहरी-उत्तरी और रोहिणी जिलों में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण और गुड टच-बैड टच पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। दक्षिणी और दक्षिणी-पूर्वी जिलों में स्वास्थ्य शिविरों के साथ साइबर सुरक्षा कार्यशालाएं हुईं। द्वारका और पश्चिमी जिले में लौह पुरुष जैसे प्रेरणादायक प्रसंगों और पोक्सो अधिनियम पर चर्चा की गई।

स्कूटी रैली से दिया सुरक्षा का भरोसा : उत्तरी जिले में महिला पुलिस कर्मियों ने शानदार स्कूटी रैली निकाली, जबकि मध्य जिले की झांसी गश्ती टीमों ने गलियों में गश्त बढ़ाकर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पूर्वी जिले में महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। उत्तरी-पूर्वी जिले में पदयात्रा और शाहदरा जिले में डिजिटल साक्षरता अभियान चलाया गया।

NAVODAYA TIMES

दिल्ली पुलिस ने किया सेल्फ-डिफेंस, साइबर अवेयरनेस कैंप और स्कूटी रैली का आयोजन





नई दिल्ली, 8 मार्च (नवोदय टाइम्स): अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली पुलिस ने राजधानी के विभिन्न जिलों और यूनिट्स में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर कई अवेयरनेस प्रोग्राम और कम्युनिटी आउटरीच एक्टिविटी आयोजित कीं। इन कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं, छात्राओं और आम लोगों को सेल्फ-डिफेंस, साइबर सेफ्टी, लीगल राइट्स और पर्सनल सेफ्टी के प्रति जागरूक किया गया।

दिल्ली पुलिस के एडिशनल सीपी (पीआरओ) राजीव रंजन के अनुसार, महिला दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रमों में सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग सेशन, गुड टच-बैड टच पर लेक्चर, साइबर और सोशल मीडिया अवेयरनेस सेशन, हेल्थ चेकअप कैंप, महिलाओं की स्कूटी रैली, फेलिसिटेशन प्रोग्राम और महिला सुरक्षा से जुड़े लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम शामिल रहे। इन गतिविधियों में बड़ी संख्या में छात्राओं, महिलाओं और पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए ऐसे कम्युनिटी कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे, ताकि समाज में जागरूकता और सुरक्षा की भावना और मजबूत हो सके।

इमरजेंसी सिचुएशन में खुद की सुरक्षा के तरीके बताए

नॉर्थ-वेस्ट जिले में आदर्श नगर स्थित जीजीएस स्कूल में छात्राओं के लिए सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग सेशन आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं को आत्मरक्षा के आसान और प्रभावी तरीके सिखाए गए, ताकि वे किसी भी इमरजेंसी सिचुएशन में अपनी सुरक्षा कर सकें। इसके अलावा परिवर्तन सेल की ओर से महिला सुरक्षा को लेकर अवेयरनेस मीटिंग और नाजुक स्कीम के तहत भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।आउटर-नॉर्थ जिले में पहल एनजीओ के सहयोग से रोहिणी सेक्टर-18 के महिला पार्क में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

पुलिस का महिलाओं के साथ इंटरैक्शन

कार्यक्रमों के दौरान पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं के साथ इंटरैक्शन कर उन्हें दिल्ली पुलिस की महिला सुरक्षा पहलों, साइबर सेफ्टी और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। साथ ही महिलाओं और छात्राओं को 'हिम्मत प्लस ऐप' के इस्तेमाल के बारे में भी बताया गया। रोहिणी जिले के प्रशांत विहार में महिला सुरक्षा मीटिंग आयोजित की गई, जबकि चार प्रमुख स्कूलों में सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाए गए। इसमें बच्चों को गुड टच-बैड टच विषय पर अवेयरनेस लेक्चर देकर पर्सनल सेफ्टी के बारे में जागरूक किया गया।

साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम भी आयोजित

कालकाजी इलाके के नेहरू प्लेस मार्केट में साइबर और सोशल मीडिया अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड और डिजिटल सेफ्टी के बारे में जानकारी दी गई। द्वारका जिले में ककरोला स्थित सरकारी सर्वोदय विद्यालय में छात्राओं के लिए सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग आयोजित की गई। नजफगढ़ के रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर में साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम और द्वारका के एक होटल में महिला सुरक्षा तथा पॉक्सो एक्ट पर लेक्चर आयोजित किया गया। पश्चिम जिले में विकासपुरी, जनकपुरी और पंजाबी बाग के स्कूल-कॉलेजों में सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए गए। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज फॉर वूमेन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं के योगदान को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान साइबर पुलिस स्टेशन की टीम ने ऑनलाइन फ्रॉड, जॉब स्कैम और फाइनेंशियल फ्रॉड से बचाव को लेकर अवेयरनेस सेशन लिया।

गुड टच-बैड टच पर वर्कशॉप

साउथ जिले में छह से अधिक स्थानों पर सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग सेशन आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में महिलाओं को पर्सनल सेफ्टी, साइबर अवेयरनेस और इमरजेंसी रिस्पॉन्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मंडनगिर गांव के एमसीडी प्राइमरी स्कूल में गुड टच-बैड टच पर वर्कशॉप आयोजित की गई। वहीं सर्वोदय को-एड विद्यालय में इंस्पेक्टर संजय ने महिला सशक्तिकरण और जेंडर सेंसिटाइजेशन विषय पर लेक्चर दिया। साउथ-ईस्ट जिले में ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित सरकारी स्कूलों और लाजपत नगर के सेंट्रल मार्केट में महिला सुरक्षा और लीगल राइट्स को लेकर इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किए गए।

स्कूटी रैली में 40 महिला पुलिसकर्मियों ने लिया भाग

नॉर्थ जिले में सिविल लाइंस स्थित डीसीपी कार्यालय में हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया गया, जिसमें 65 महिला पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। इसके अलावा मॉरिस नगर स्थित पिंक बूथ से मिरांडा हाउस कॉलेज तक महिला पुलिसकर्मियों की स्कूटी रैली निकाली गई, जिसमें 40 महिला पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया। पूर्वी जिले में कम्युनिटी पुलिसिंग सेल की ओर से अस्पतालों और स्कूलों में महिला सुरक्षा से जुड़े अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किए गए। वहीं डीसीपी कार्यालय में 26 महिला पुलिसकर्मियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया, जबकि समाज सेवा में योगदान देने वाली चार महिलाओं को भी फेलिसिटेट किया गया।

अन्य जिलों में भी हुए कार्यक्रम

इसके अलावा उत्तर-पूर्व, शाहदरा, सेंट्रल, न्यू दिल्ली और साउथ-वेस्ट जिलों में भी पदयात्रा, साइबर अवेयरनेस कैंप, सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग और महिला सुरक्षा से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ओर से बाबा खड़क सिंह मार्ग स्थित ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क में रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों और शिक्षकों को ट्रैफिक रूल्स, सेफ ड्राइविंग और रोड सेफ्टी के बारे में इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया।



